ज्ञानवर्धिनी संस्था
सोनुभाऊ बसवंत कला आणि वाणिज्य महाविद्यालय, शहापूर
हिंदी विभाग

प्रेमचंद के जयंती के उपलक्ष्य मे 'प्रेमचंद जी के साहित्य की प्रदर्शनी'

३१ जुलाई २०२६ को प्रात: ९:३० बजे मल्टीपर्पज हॉल में"हिंदी विभाग" एवं" ग्रंथालय विभाग" के संयुक्त तत्वावधान में 'प्रेमचंद के साहित्य की प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में प्रेमचंद जी की साहित्यिक कृतियों एवं उनके साहित्य पर लिखी गई समीक्षात्मक कृतियों को मुख्य रूप से संमेलित किया गया था।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. एस. एल. गायकवाड सर ने सर्वप्रथम प्रेमचंद जी की प्रतिमा का पूजन किया। तत्पश्चात 'प्रेमचंद का साहित्य' विषय पर प्राचार्य प्रा. डॉ. एस. एल. गायकवाड़ (हिंदी विभागाध्यक्ष) सर द्वारा उपस्थित सभी सहभागी छात्रों को मार्गदर्शन किया गया।

छात्रों को प्रेमचंद जी के साहित्य का परिचय कराना इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य था। इसके माध्यम से छात्रों को प्रेमचंद जी के महान साहित्यिक योगदान, सामाजिक विचारों, एवं उनके साहित्य में ग्रामीण जीवन के चित्रण की जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही छात्रों के मन में प्रेमचंद जी के प्रति आदर का निर्माण हुआ। प्रेमचंद के साहित्य को पढ़ने की रुची छात्रों के मन में जागृत हुई ।इस प्रदर्शनी में कुल ५८ विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

प्रदर्शनी को सफल बनाने में प्राचार्य प्रा. डॉ. एस. एल. गायकवाड़ सर, उपप्राचार्य प्रा. डॉ. जी. जी. सोनवणे सर, IQAC को ऑर्डिनेटर तथा ग्रंथपाल प्रा. डॉ. एस. एस. वाघमोडे सर का विशेष योगदान रहा। ग्रंथालय की ओर से प्रेमचंद जी की पुस्तकें उपलब्ध कराई गई। प्राध्यापक राजेश बांगारे और प्रा. साधना माळी भी उपस्थित रही। इस प्रकार प्रदर्शनी सफल रही। अंत में सभी का आभार प्रा . राजेश बांगारे ने किया।